श्याम बिहारी गिरवर धारी

श्याम बिहारी गिरवर धारी आओ ना,
आकर मोहन मीठी मुरली बजाओ ना ॥

सारे जगत पर पड़ी है विपदा आके कष्ट मिटाओ,
वायरस से सब तंग आ गये आके फंद छुड़ाओ,
इस धरती से कोरोना को मिटाओ ना,
आकर मोहन मीठी मुरली बजाओ ना......

खोल दो कान्हा मंदिर के पट भक्त खड़े तेरे द्वारे,
तेरे भक्तो की लगी कतारें दर्श करादे प्यारे,
श्याम तेरी चितवन का दर्श कराओ ना,
आकर मोहन मीठी मुरली बजाओ ना.......

तेरा ध्यान धरे हम कान्हा अब तो हमें बचाओ,
शरण पड़े हैं श्याम तिहारी आकर गले लगाओ,
कहे लीला तुम मोरछडी लहराओ ना,
आकर मोहन मीठी मुरली बजाओ ना,
श्याम बिहारी गिरवर धारी आओ ना,
आकर मोहन मीठी मुरली बजाओ ना.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23998/title/shyam-bihari-girwar-dhari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |